एक नजर में

विधानसभा स्तरीय कार्यशाला संपन्न

छापीहेड़ा 14 फरवरी, सं. जिले के खिलचीपुर विधानसभा क्षेत्र की विधानसभा स्तरीय कार्यशाला मंडी प्रांगण छापीहेड़ा में सफलतापूर्वक संपन्न हुई .कार्यशाला में उपस्थित साथियों के साथ योजनाओं से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए संगठनात्मक मजबूती, प्रभावी क्रियान्वयन एवं जनहित में बेहतर कार्य करने के लिए मार्गदर्शन प्राप्त हुआ. ऐसे आयोजन कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा एवं दिशा प्रदान करते हैं .

शब्बीर मंसूरी बने सदर

सारंगपुर 14 फरवरी, सं. ग्राम पाडल्या माता स्थित आदर्श नगर कॉलोनी पाडल्या में अंजुमन कमेटी की बैठक शुक्रवार जुमे की नमाज़ के बाद आयोजित की गई . बैठक में मस्जिद कमेटी का गठन सर्वसम्मति से किया गया. निर्णय अनुसार आदर्श नगर कॉलोनी पाडल्या अंजुमन कमेटी का सदर शब्बीर मंसूरी (करोड़ी) को चुना गया . वहीं नायब सदर के रूप में जुमा लाला (चापनी) तथा खजांची के रूप में समद पठान (बाबा), सदस्य मुस्ताक मंसूरी, शमसुद्दीन नायता,असलम पठान,सईद पठान, इस्लाम भानेज, मुजीब लाला,हबीब ड्राइवर, रईश पठान,सादीक पठान, मुबारिक मंसूरी, अनवर मंसुरी को जिम्मेदारी सौंपी गई . बधाई देने वालों में राजा लाला, लुकमान मंसूरी, रज्जाक मंसूरी (पूर्व सरपंच), सिदीक पठान नेता,चांद मंसूरी, ज़लील पठान, इब्राहिम भाई गोल,ने नई कमेटी बनने पर शुभकामनाएं व बधाई दीं .

भाजपा नेता नारायण प्रसाद गुप्ता की स्मृति में रक्तदान शिविर संपन्न

पचोर 14 फरवरी, सं. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वर्गीय नारायण प्रसाद गुप्ता भाजपा नेता नानाजी की पुण्यतिथि पर वैश्य महा सम्मेलन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया . स्व . नारायण प्रसाद नानाजी भोपाल के वरिष्ठ नेता रहे वे पूर्व गृह मंत्री उमा शंकर गुप्ता के बड़े भ्राता थे . वेश्य महा सममेलन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जता है . जिसमें 22 रक्त दान दाताओं ने रक्तदान किया है रक्तदाताओं में में नगर परिषद अध्यक्ष विकास करोडिया डॉ. हेमंत पाटीदार, प्रोफेसर राजेन्द्र गुप्ता, रिपुदमन महेश्वरी, नवीन गांधी, कमलेश गुप्ता, रोहन शर्मा, समीर जुलानिया, आदि लोगों ने रक्तदान किया . रक्तदान शिविर में नवीन गांधी बृज भूषण बागड़ी विष्णु प्रसाद विजयवर्गीय का विशेष सहयोग रहा . वैश्य महासभा के तहसील अध्यक्ष श्रीनाथ जुलानिया ने सभी रक्तदाताओं एवं शिविर में सहयोग करने वाले डॉक्टर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया .

जिले एक और स्मैक तस्कर झालावाड़ में धराया

नशे पर लगातार प्रहार : गश्त के दौरान दो संदिग्धों को हिरासत में लिया, एक राजगढ़ का

नशे के विरूद्ध दोनों स्टेट की पुलिस और प्रशासन ने कसी कमर

नशीले पदार्थ और अवैध रूप से बिकने वाली दवाओं के ठिकानों पर लगातार होगी कार्यवाही

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 14 फरवरी, का. राजस्थान की झालावाड़ पुलिस द्वारा स्मैक और एमडी ड्रग तस्करों के विरूद्ध चलाए गए अभियान में लगातार अब जिले से नशे के अवैध कारोबार में लिप्त अपराधियों की धरपकड़ बढ़ती जा रही है. झालावाड़ पुलिस ने जहां आगर, सुसनेर के बाद माचलपुर में ड्रग तस्करी का भण्डा फोड़ा और उसके बाद जिले की पुलिस ने कार्यवाही करते हुए तस्करों को लीड करने वालों को दबोच लिया.

जिससे करीब आधा दर्जन से अधिक लोग पकड़ में आ चुके है. वहीं जिले से जुड़े कई स्मैक तस्कर अभी भी अलग-अलग ईलाकों में सक्रिय है. यहां से वे अन्य राज्यों में जाकर नशे का कारोबार कर रहे है.

झालावाड़ पुलिस ने शहर के आकाशवाणी मार्ग पर गश्त के दौरान राजगढ़ जिले के एक व्यक्ति को मादक पदार्थ की तस्करी करते हुए पकड़ा है. मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है. इनके पास से 15 ग्राम स्मैक बरामद हुई है. दोनों को कोर्ट में पेश किया है.जहां से उनको पुलिस रिमांड दिया है.

झालावाड़ एसपी अमित कुमार ने बताया कि आकाशवाणी केंद्र पीछे गिंदौर मार्ग पर दो संदिग्ध व्यक्तियों का पीछा कर पुलिस ने पकड़ा. पूछताछ में इनकी पहचान महुआ खोह अकलेरा निवासी गोविंद पुत्र नानूराम तंवर और ब्यावरा जिला राजगढ़ मध्यप्रदेश निवासी मुरारी तंवर पुत्र रतनसिंह के रूप में बताई. दोनों की तलाशी लेने पर इनके पास से 15 ग्राम स्मैक बरामद हुई. दोनों को गिरफ्तार कर इनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया है. पुलिस के अनुसार आरोपी मुरारी पिता रतन सिंह तंवर से पूछताछ में और भी आरोपियों के खुलासे की संभावना है.

ड्रग इंस्पेक्टरों को हिदायत, लगातार चैकिंग करें

औषधि निरीक्षकों को नियमित जांच अभियान चलाने को कहा गया . बैठक में अनुपस्थित रहने वाले सीबीएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए . पुलिस अधीक्षक अमित कुमार तोलानी ने कहा कि अवैध दवा बिक्री और मादक पदार्थों के दुरुपयोग पर सख्त कार्रवाई की जाएगी .

जिले में एविल इंजेक्शन बेचने वालों पर रहेगी नजर मेडिकल स्टोर्स पर सीसीटीवी अनिवार्य

राजगढ़ 14 फरवरी, का . जिले में बढ़ते नशे के खतरे और लंबित मेडीको-लीगल प्रकरणों (एमएलसी) को लेकर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है . शनिवार को कलेक्टर डॉ . गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में स्वास्थ्य और पुलिस विभाग की एक संयुक्त समीक्षा बैठक हुई . इसमें पुलिस अधीक्षक अमित कुमार तोलानी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे . बैठक का मुख्य एजेंडा एमएलसी की लंबित रिपोर्टों को खत्म करना, नारकोटिक्स दवाओं की अवैध बिक्री पर रोक लगाना और मेडिकल स्टोर्स की निगरानी व्यवस्था को मजबूत करना था . कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले के सभी मेडिकल स्टोर्स पर अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और उनकी नियमित मॉनिटरिंग की जाए . उन्होंने कहा कि एमएलसी रिपोर्ट में देरी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी . सभी प्रकरण निर्धारित समय-सीमा में निपटाए जाएं ताकि न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित न हो और पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सके . प्रशासनिक सख्ती से यह स्पष्ट है कि अब मेडिकल स्टोर्स और नशे के नेटवर्क पर पैनी नजर रखी जाएगी . बैठक में नशे के रूप में उपयोग होने वाली दवाओं पर विशेष चिंता व्यक्त की गई . कलेक्टर ने इंजेक्शन एविल सहित संवेदनशील दवाओं की बिक्री पर सतर्क निगरानी रखने और मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए . उन्होंने आश्वासन दिया कि एमएलसी प्रकरणों में पुलिस-स्वास्थ्य समन्वय को और मजबूत कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी . कलेक्टर ने अंत में सभी विभागों को चेतावनी दी कि शासकीय कार्यों में लापरवाही स्वीकार नहीं होगी . उन्होंने जोर दिया कि आपसी तालमेल से ही जिले में स्वास्थ्य सेवाएं और कानून-व्यवस्था प्रभावी बन सकती है .

सिद्दीकियां मस्जिद में इनामी जलसे का आयोजन

पडाना 14 फरवरी, सं. हमें अल्लाह और रसूल के बताए रास्ते पर चलने की जरूरत है. नेकी और सच्चाई, दीन और शिक्षा के प्रचार के लिए हमें मेहनत करना चाहिए. हमें बच्चों को दीनी तालीम के साथ-साथ दुनियावी तालीम भी देनी चाहिए. यह तकरीर पडाना आवास कालोनी स्थित सिद्दीकियां मस्जिद में शुक्रवार रात आयोजित हुए अजीमुश्शन जलसा और इनामी जलसे के दौरान सदारत कर रहे दारुल उलूम ताज उल मसाजिद भोपाल उस्ताद मौलाना इरफान अजीज ने तकरीर करते हुए कही. मस्जिद में हुए प्रोग्राम के दौरान मकतब दिनयात में एक इनामी जलसे का आयोजन किया गया. नन्हे-मुन्नो बच्चों ने नात और तकरीरें प्रस्तुत कीं. जलसे में पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को उलमाओं द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. अंजुमन सदर अल्ताफ अंसारी एवं इमरान अंसारी ने बताया कि यह एक दिवसीय इनामी जलसा था. इस मौके पर तकरीर मं मौलाना आरिफ राशिद ने कहा कि बच्चों को उनकी उम्र के हिसाब से दीन की सभी बातों की जानकारी देते रहना चाहिए, ताकि उन्हें जायज और नाजायज का फर्क पता हो. उन्होंने सभी मजहबों के लोगों से मोहब्बत करने और एक-दूसरे के साथ मिलकर रहने की तरबियत देने पर जोर दिया.उन्होंने कहा कि पैगंबर हजरत मोहम्मद ने इंसानियत और एक खुदा की परस्तिस का पैगाम दिया. मोलाना ने कहा कि मुस्लिम समाज में शिक्षा के लिए किए गए प्रयास और योगदान की चर्चा की.

पानी का टैंकर पलटा, कार क्षतिग्रस्त हुई

नवभारत न्यूज

जीरापुर 14 फरवरी, सं. नगर के खिलचीपुर नाका पर तेज गति लापरवाही से आ रहे पानी के ट्रैक्टर-टैंकर के पलटनें से अफरा-तफरी मची. टेंकर पलटनें से नाका के समीप खड़ी स्विफ्ट डिजायर कार चपेट में आ गई. जीरापुर के व्यस्ततम मार्ग खिलचीपुर नाका पर शुक्रवार रात्रि लगभग सात बजे एक पानी का ट्रेक्टर -टेंकर तेज गति से आ रहा था जोकि किसी पशु को बचाने के चक्कर में पलट गया.

जिसमें नाका के समीप खड़ी स्विफ्ट डिजायर कार को अपनी चपेट में ले लिया. हादसे के दौरान टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया. जिससे कार का अगला हिस्सा टैंकर की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गया. हालांकि इस अनहोनी घटना में किसी भी तरह की कोई जन हानि नहीं हुई. सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंचे तथा स्थिति को नियंत्रित किया. दुर्घटना के कारण मार्ग पर कुछ समय तक यातायात बाधित रहा. पुलिस द्वारा धारा 281 बीएनएस तथा 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया.

तीन दिन बंद रहेगी मंडी

ब्यावरा 14 फरवरी, का. आज से तीन दिन रविवार, सोमवार, मंगलवार को स्थानीय कृषि उपज मंडी में अवकाश रहेगा. मंडी प्रबंधन के अनुसार आज 15 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व होने, सोमवार साप्ताहिक अवकाश तथा मंगलवार को अमावस्या होने के कारण मंडी में नीलामी कार्य बंद रहेगा. मंडी प्रबंधन द्वारा किसान भाईयो से अवकाश के इन दिनों में मंडी में उपज विक्रय हेतु नहीं लाने का आग्रह किया गया है.

मूंडला बारोल को 1 .39 करोड़ के हाई स्कूल भवन की सौगात

नवभारत न्यूज

नरसिंहगढ़ 14 फरवरी, सं. क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में विकास कार्यों को गति देते हुए विधायक मोहन शर्मा द्वारा ग्राम मुंडला बारोल में 1 करोड़ 39 लाख रुपये की लागत से निर्मित नवीन हाई स्कूल भवन का विधिवत लोकार्पण किया गया. इसी क्रम में ग्राम मानपिछोड़ी में प्रधानमंत्री सड़क से छापरीखुर्द तक 20 लाख रुपये की लागत से सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया. साथ ही ग्राम आवली में पंचायत भवन के पास 40 लाख रुपये की पुलिया निर्माण, ग्राम झाड़ला में 20 लाख रुपये की सीसी सड़क, ग्राम सूकल्या में चौक से भील मोहल्ले तक 25 लाख रुपये की सीसी सड़क तथा ग्राम तिन्दोनिया (देवगढ़) में 5 लाख रुपये की लागत से सीसी सड़क निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया गया. इसके अतिरिक्त 10 लाख रुपये की लागत से एक अन्य पुलिया निर्माण कार्य तथा ग्राम माना, बिजौरी और तरेनी धाकड़ में लगभग 2 करोड़ 16 लाख रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन भी संपन्न हुआ. विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, बेहतर आवागमन सुविधा एवं जनसुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं.

शिवरात्रि ब्यावरा में उज्जैन के कलाकार देंगे अनूठी प्रस्तुतियां

महादेव और गौरी का परिणय पर होगा शिव नृत्य, निकलेगी बारात

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 14 फरवरी, का. महाशिवरात्रि का पर्व आज श्रद्धा, भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा. शिवालयों, शिव मंदिरो पर धार्मिक अनुष्ठान, भजन संध्या, महाआरती के आयोजन होंगे.

स्थानीय श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पर महाशिवरात्रि पर विशेष आयोजन होगा. उज्जैन के कलाकारों द्वारा भजनों की सुमधुर ताल पर अद्भुत व अनूठा नृत्य देखने को मिलेगा. प्रसिद्ध भजन गायकों की टीम अपनी अनूठी व बेमिसाल प्रस्तुति देगी.

उज्जैन के प्रतिष्ठा प्राप्त श्री राधे कृष्णा म्यूजिकल ग्रुप के करीब 15 सदस्यों की टीम अपनी प्रस्तुति देगी. टीम में भजन गायक-गायिकाएं, गीत-संगीत, सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले कलाकार शामिल होंगे. श्री राधे कृष्णा म्यूजिकल ग्रुप के प्रमुख सदस्य विवेक भारद्वाज ने बताया कि भजन निशा की टीम के साथ यू ट्यूब पर बहुचर्चित शंकरा ट्रांस फेम राजेश श्रीवास अपनी टीम के साथ विशेष रूप से आ रहे है. शिव रूप में अपनी मनमोहक प्रस्तुति देने वाले प्रसिद्ध कलाकार अमित भंडारी का भी आगमन हो रहा है.

आज सायंकाल 7.30 बजे मंदिर धाम पर महाआरती होगी. तत्पश्चात भजन संध्या प्रारंभ होगी.

शिवालयों पर की आकर्षक सजावट, आज होंगे भव्य श्रृंगार

तलेन 14 फरवरी, सं. तलेन नगर में नदी के तट पर स्थित शिवालय मंदिर को शिवरात्रि पर्व के चलते आकर्षक स्वरूप में सजाया गया है. नगर में स्थित देवल छतरी अस्पताल में शिवालय मंदिर सहित नगर के विभिन्न शिव मंदिरों पर महाशिवरात्रि के पूर्व बड़ी संख्या में सजावट की गई है. आज सुबह से भगवान भोलेनाथ के मंदिरों में श्रद्धालुओं की विशाल संख्या नजर आएगी. मंदिरों में अद्भुत श्रृंगार, फूल बेल पत्री, लाईट डेकोरेशन आदि किया गया है.

राजगढ़ में आज निकलेगी भोले की बारात

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 14 फरवरी, का . खोयरी धाम स्थित प्रसिद्ध बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर पर पांच दिवसीय महाशिवरात्रि पर्व का भव्य आयोजन जारी है, आज नगर में भव्य भोले की बारात का आयोजन होगा . महाशिवरात्रि पर आज भोले की बारात का नगर में आयोजन होगा . आज प्रातः 5 बजे गठ जोड़ा बंधन होगा . दोपहर में बाबा बैजनाथ का दूल्हा रुपी श्रृंगार होगा . सायं 5 बजे शिवजी की छतरी के यहां से गाजे-बाजे, जयकारों के साथ बारात शुरु होगी . प्रमुख मार्गो से होते हुए भोले की बारात खोयरी धाम पहुंचेगी . जहां बारात की अगवानी की जाएगी. सायं 7 .30 बजे महाआरती होगी . आज होने वाले आयोजन में हजारों की संख्या में श्रद्धालुजन शामिल होंगे . इस बार महाशिवरात्रि का व्रत 15 फरवरी 2026, रविवार को रखा जाएगा . पंचांग के अनुसार महाशिवरात्रि की चतुर्दशी तिथि इस बार 15 फरवरी की शाम 5 बजकर 04 मिनट पर शुरू होगी और तिथि का समापन 16 फरवरी को शाम 5 बजकर 34 मिनट पर होगा . सूर्योदय तिथि होने के कारण 15 फरवरी को शिव पार्वती विवाह सम्पन्न होगा .

भोलेनाथ की नगरी में निकलेगी शिव बारात

नवभारत न्यूज, नरसिंहगढ़ 14 फरवरी, सं . भोलेनाथ की नगरी के नाम से विख्यात नगर में महाशिवरात्रि पर्व पर आज समूचा वातावरण शिवमय हो जाएगा . बड़े एवं छोटे महादेव सहित शिवालयों, शिव मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान होंगे . नगर के बड़े महादेव, छोट महादेव, जल मंदिर सहित मंदिरों में सुबह से ही धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ होंगे . नगर में आज पाण्डव चौराहा से गाजे-बाजे, जयकारों के साथ धूमधाम से शिव बारात प्रारंभ होगी . प्रमुख मार्गो से होते हुए शिव बारात बड़े महादेव मंदिर धाम पहुंचेगी . जहां बारात की भव्य अगवानी की जाएगी .

नव भारत

सुरूचि नारी शक्ति सम्मान

भारतीय महिलाएं सब क्षेत्रों में अपने कौशल और लगन से समाज में आगे बढ़ रही हैं
उनके उत्कृष्ट कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिए नवभारत भोपाल
8 मार्च 2026 को " सुरूचि नारी शक्ति सम्मान " का आयोजन करने जा रहा है।

8 मार्च 2026

इस भव्य कार्यक्रम में
"भोपाल नगर की चयनित विशिष्ट महिलाओं"
को उनकी विभिन्न विधाओं में विशिष्ठ उपलब्धियों और समाज में उनके अमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया जायेगा ।

कार्यक्रम का स्थान : नवभारत प्रेस परिसर
रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग एम पी नगर
जोन - 1, भोपाल म.प्र.